McDonald's के खिलाफ FDA ने लिया एक्शन, बर्गर में नकली पनीर का कर रहे थे इस्तेमाल

महाराष्ट्र के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) ने फास्ट फूड की दिग्गज कंपनी मैकडॉनल्ड्स (McDonald's) पर बड़ी कार्रवाई की है. FDA ने असली पनीर के बजाय वैकल्पिक पनीर का उपयोग करने के लिए अहमदनगर स्थित मैकडॉनल्ड्स के आउटलेट का लाइसेंस निलंबित कर दिया है. FDA का कहना है कि कंपनी ने लोगों को गुमराह किया है और असली पनीर की जगह पनीर एनालॉग्स का इस्तेमाल किया है. FDA की सख्ती की वजह से अहमदनगर के इस आउटलेट के मेन्यू कार्ड से उन चीज़ों को हटा दिया गया है. जिसमें पनीर का इस्तेमाल होता है.

टाइम्स ऑफ़ इंडिया के अनुसार, मैकडॉनल्ड्स के खिलाफ यह कार्रवाई अक्टूबर-2023 में शुरू हुई थी. FDA ने अहमदनगर में उनकी केडगांव शाखा में जांच के दौरान पाया था कि पनीर की जगह उसके विकल्प इस्तेमाल कर ग्राहकों को मुर्ख बनाया जा रहा है. मैकडॉनल्ड्स ने इसको लेकर सफाई दी लेकिन FDA ने लाइसेंस निलंबित कर दिया. अब मैकडॉनल्ड्स ने FDA को पत्र लिखकर कहा कि उन्होंने पनीर शब्द को हटाकर खाने के नाम बदल दिया है.

Source: https://www.dnaindia.com/hindi/india/news-maharashtra-fda-action-mcdonalds-for-fake-cheese-in-burger-4113378